RAF SECTOR

NEWS CLIP

21/04/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Deoghar, (JKD)

बाबा मंदिर का जायजा लेते डिप्टी कमांडेंट विश्वजीत कुमार • जागरण

श्रावणी मेला से पहले समझ रहे भौगोलिक स्थिति

संवाद सूत्र, देवघर: श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर रैफ 106 बटालियन के जवानों द्वारा बाबा मंदिर प्रांगण का जायजा बुधवार शाम लिया गया। डिप्टी कमांडेंट विश्वजीत कुमार के नेतृत्व में जवानों द्वारा मंदिर के मानसरोवर स्थित फुटओवर ब्रिज एवं क्यू कांप्लेक्स का जायजा लिया गया। उसके बाद सभी लोग मंदिर पहुंचे और मंदिर के निकास एवं प्रवेश द्वार, प्रांगण, उमा भवन, संस्कार भवन आदि स्थलों का भी निरीक्षण कर प्रांगण में घंटों रहकर वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी ली। डिप्टी कमांडेंट विश्वजीत कुमार ने बताया कि हम लोग श्रावणी मेला को लेकर तैयारी कर रहे हैं। यहां पर आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। सुलभता पूर्वक जलार्पण कर सकें। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसलिए मेला शुरू होने से पूर्व में यहां की भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

Prabhat khabar, Deoghar ,(JKD)

शीघ्रदर्शनम कूपन और मेला संचालन की तैयारियों का लिया जायजा

स्वच्छता अभियान के दौरान मौजूद रैपिड एक्सन फोर्स के जवान.

- रैफ के जवानों ने चलाया सफाई अभियान, मंदिर इलाके में फ्लैग मार्च

संवाददाता,देवघर

बुधवार की सुबह बी106 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा कमला मणि प्राथमिक विद्यालय तथा अन्य सामूहिक जगह पर रैफ बल के कर्मियों ने स्वच्छता अभियान चलाया. डिप्टी कमांडेंट धीरेन कुमार मोहंती और असिस्टेंट कमांडेंट विश्वजीत कुमार समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जवानों ने एरिया की सफाई की. यह कार्यक्रम आम जनता के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए किया गया था. वहीं श्रावणी मेले के दौरान रैफ कंपनी के साथ आये बल एवं अधिकारियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए बाबा मंदिर में बाटालियन के अधिकारियों ने कतार सिस्टम इसका संचालन, शीघ्र दर्शनम व्यवस्था एवं जलार्पण की प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली. फ्लैग मार्च करते हुए मानसरोवर स्थित फुट ओवर ब्रिज और क्यू कॉम्प्लेक्स का जायजा लने के बाद हर हॉल के लोकशन की इंट्री प्वांइट, एग्जिट और कतार के सिस्टम का संचालन एवं टेल प्वाइंट की इंट्री व नेहरु पार्क में बनने वाले पंडाल की जगह और संचालन की जानकारी ली. साथ ही कांवरियों के आगमन के रुट एवं शिवगंगा में स्नान एवं घाट से लेकर मंदिर में संकल्प करवाने की परंपरा के बारे में जाना.

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

106BN RAF FAM-EX DEOGHAR & DUMKA , (JKD)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।